**PRESS RELEASE**

# रेनो' अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन की काइगर, ट्राइबर और क्विड कारों के साथ स्टाइल, जोश-जुनून और उमंग से मनाएं फेस्टिव सीजन

- ✓ अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन में शहरों में कार ड्राइविंग के लिए उपयोगी फीचर्स के साथ स्टाइल का मिश्रण पेश किया गया है, जो सुरुचिपूर्ण होने के साथ आधुनिक रहन-सहन की झलक पेश करता है।

- ✓ अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन की सभी कारों में स्टारडस्ट सिल्वर ऐक्सेंट के साथ स्टेल्थ ब्लैक एक्सटीरियर भी शामिल है। इसमें कई फीचर्स को अपग्रेड किया गया है, जिसमें स्मार्ट मिरर मॉनिटर, ऐडवांस्ड ऐम्बिएंट लाइटिंग सिस्टम, जगमगाती स्कफ प्लेट और पडल लैंप शामिल है।

- ✓ अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन का निर्माण हर मॉडल के टॉप वैरिएंट के आधार पर किया गया है। इस एडिशन में ट्राइबर और काइगर के दाम 14,999 रुपये और क्विड के 6,999 रुपये बढ़ गए हैं।

- ✓ अर्बन नाइट एडिशन के प्रति मॉडल 300 गाड़ियों का सीमित उत्पादन किया जाएगा।

**नई दिल्ली, 1 सितंबर 2023 :** रेनो इंडिया **अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन** की पूरी रेंज लॉन्च करने की घोषणा कर काफी उत्साहित है, जिसमें कंपनी के नए प्रॉडक्ट्स, काइगर ट्राइबर और क्विड का पूरा संकलन शामिल है। स्टाइलिश और शहरी सुविधाओं के फीचर्स के अनोखे मिश्रण से लैस अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन त्योहार के सीजन में उत्साह और उमंग का माहौल बनाने के लिए बिल्कुल तैयार है।

रेनो इंडिया का अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन शानदार बाहरी डिजाइन का दावा करता है। यह खूबसूरती और अनोखे स्टाइल के बेहतरीन मिश्रण की शानदार झलक पेश करता है। इस गाड़ी की खूबसूरती सभी के मन को मोहित कर लेती है। बेहतरीन स्टेल्थ ब्लैक बॉडी कलर के साथ स्टारडस्ट सिल्वर ऐक्सेंट्स इस लिमिटेड एडिशन की कार की बाहरी सजावट में चार चाँद लगाते हैं। ट्राइबर और क्विड के लिए स्टेल्थ ब्लैक एक्सटीरियर कलर इस रेंग में एक नया संकलन है।

अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन की कारें सड़क पर दमदार और आकर्षक मौजूदगी दर्ज कराती है। सड़क पर चलती इस कार को एकबारगी नजर उठाकर देखने के लिए कारों के दूसरे शौकीन मजबूर हो जाएंगे। अर्बन नाइट के इंटीरियर्स में आपको स्मार्ट मिरर मॉनिटर्स ऑफर किए जाते हैं। केबिन में सभी के मन को लुभाने वाली अनुकूल और आधुनिक लाइटिंग सिस्टम के साथ जगमगाती स्कफ प्लेट उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करती है। स्मार्ट मिरर मॉनिटर 9.66 इंच की कलर स्क्रीन के साथ मिलने वाला अपनी तरह का अनोखा

फीचर है। इसमें अजस्ट किए जाने वाले व्यू एंगल्स के साथ कार के भीतर बैठे-बैठे पीछे आ रही ट्रैफिक को देखने की क्षमता दोगुनी हो जाती है। इसमें अगले और पिछले कैमरा रिकॉर्डिंग के लिए मॉनिटर की सुविधा दी गई है। रेकॉर्डेड कॉन्टेंट को डाउनलोड करने के लिए इसमें वायरलेस फोन कनेक्टिविटी की भी व्यवस्था की गई है।

**रेनो इंडिया के कंट्री सीईओ और प्रबंध निदेशक, श्री वेंकटरराम मामिल्लापल्ले ने नई लॉन्चिंग पर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा,** "रेनो के पूरे परिवार के लिए यह रोमांचक  घोषणा है, जिसमें हमारे डीलर, इंडस्ट्री और कर्मचारी शामिल हैं। युवा उपभोक्ता जबर्दस्त अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन के साथ अपनी पर्सनैलिटी का बोल्ड अंदाज पेश करेंगे। उपभोक्ताओं को नए-नए अनुभव प्रदान करने के लिए यह हमारे समर्पण की झलक पेश करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह लिमिटेड एडिशन बढ़ते हुए रेनो के परिवार में अन्य कई उपभोक्ताओं का स्वागत करने में सक्षम होगा।"

वर्ल्ड क्लास 1.0 लीटर के टर्बो पेट्रोल और 1.0 लीटर के एनर्जी पेट्रोल इंजन द्वारा चालित रेनो काइगर एक्स-ट्रोनिक सीवीटी के साथ ड्राइविंग का बेहतरीन अनभुव और सुविधा प्रदान करने वाली प्रमुख कारों में से एक है। रेनो काइगर कॉम्पेक्ट एसयूवी सेग्मेंट में उपभोक्ताओं के लिए सबसे ज्यादा  किफायती ऑफर्स में से एक हैं। इसकी रख-रखाव की लागत भी काफी कम आती है। काइगर न केवल बेहतरीन परफॉर्मेंस और स्पोटर्स स्टाइल की ड्राइव प्रदान करता है, बल्कि यह अपनी श्रेणी में ईंधन बचाने की सर्वश्रेष्ठ क्षमता का दावा करता हैं। यह एक **लीटर में 20.62 किमी** चलती है। प्रमुख ग्लोबल कार असेसेमेंट प्रोग्राम, **ग्लोबल एनसीएपी ने रेनो काइगर को वयस्क यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग से नवाजा** है। ड्राइवर और आगे बैठे मुसाफिर की सुरक्षा के लिए रेनो काइगर में चार एयर बैग्स लगाए गए हैं। फ्रंट और साइड में सीट बेल्ट के साथ ड्राइवर के लिए प्री टेंशनर और लोड लिमिटर लगाए गए हैं। काइगर अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन में कई प्रमुख अपडेट्स दिए गए हैं, जिसमें **चमकीला स्टेल्थ बॉडी कलर, स्टारडस्ट फ्रंट एंड रियर स्किड प्लेट्स शामिल हैं। कार के बाहरी भाग की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए इसमें कार के दरवाजों के किनारों पर सजावटी परत चढ़ाई गई है। कार के केबिन में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मिरर मॉनिटर, आधुनिक और अनुकूल लाइटिंग सिस्टम, जगमगाती स्कफ प्लेट और एक पडल लैंप देने का दावा किया गया है, जो एडवांस तकनीक और बेहतरीन डिजाइन का मिश्रण पेश करता है।**

भारत की सबसे सुरक्षित 7 सीटर **रेनो ट्राइबर** को उपभोक्ताओं ने उसकी विशेषताओं के लिए काफी पसंद किया है। बेहतरीन गुणवत्ता, प्रतिरूपकता, आकर्षक डिजाइन समेत जबर्दस्त वैल्यू पैकेजिंग के साथ मिलने वाली कार को उपभोक्ताओं ने काफी अहमियत दी है। रेनो ट्राइबर के दूसरे कई फीचर्स के अलावा यह कार की सभी पंक्तियों में यात्रियों को सुविधाजनक जगह ऑफर करती है। कार की इस श्रेणी में सामान रखने के लिए 625 लीटर का स्पेस दिया गया है। बेहतरीन सेफ्टी फीचर्स के साथ निर्मित की गई यह कार **ग्लोबल एनसीएपी की ओर से 4 स्टार सेफ्टी रेटिंग** का दावा करती है। **ट्राइबर के मॉडल में चमकीला स्टेल्थ ब्लैक बॉडी कवर मिलता है। इसके साथ ही एकबारगी सबकी निगाह को आकर्षित करने वाली स्टारडस्ट सिल्वर फ्रंट एंड रियर स्किड प्लेट्स मिलती है। इसके साथ कार के दरवाजों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इसमें आकर्षक सिल्वर रंग की परत चढ़ाई गई है। रियर ट्रंक क्रोम लाइनर के साथ स्टारडस्ट**

**सिल्वर फिनिश इसकी व्यावहारिकता को बढ़ाती है। कार के केबिन में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मिरर मॉनिटर, जगमगाती स्कफ प्लेट और पडल लैंप मिलता है, जिसमें आधुनिक तकनीक और स्टाइल का सहज मिश्रण है।**

आकर्षण, इनोवेशन और किफायत के स्तंभों पर निर्मित **रेनो क्विड** भारत में रेनो कंपनी के लिए पूरी तरह से सारे खेल को बदलने वाला प्रॉडक्ट है। भारत में रेनो क्विड के **4.4 लाख उपभोक्ता है, जो कार की परफॉर्मेंस से बेहद खुश हैं।** समकालीन एसयूवी से प्रेरित डिजाइनिंग के नेतृत्व में कार अपनी श्रेणी में बेस्ट फीचर्स ऑफर करती है। इस कार में स्वामित्व की लागत काफी कम आती है। रेनो क्विड ने भारत में एंट्री सेग्मेंट की कारों को फिर से पारिभाषित किया है। क्विड मॉडल की कार में जबर्दस्त बदलाव किया गया है। **इसमें चमकीले स्टेल्थ ब्लैक बॉडी कलर के साथ इसे अगली और पिछली स्किड प्लेट्स को आकर्षक स्टारडस्ट सिल्वर एसेंट्स से संवारा गया है। इसमें हेडलैंप बेजल और बंपर गार्निश भी मिलती है। पियानो ब्लैक ओआरवीएम और स्टारडस्ट की सिल्वर रूफ रेल्स कार को खूबसूरत टच देती है और इसकी क्रियाशीलता को बढ़ाती है। उल्लेखनीय है कि यह कार स्टारडस्ट सिल्वर फ्लेक्स व्हील्स, जगमगाती स्कफ प्लेट और पडल लैंप के साथ स्टाइल और इनोवेशन का शानदार संगम का प्रतीक है।**

**ह्यूमन फर्स्ट प्रोग्राम** के तहत रेनो इंडिया की प्रॉडक्ट रेंज अब नए-नए और ऐडवांस सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है, जिसे हादसों का जोखिम कम से कम करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। यह कार में बैठे यात्रियों और पैदल चलने वाले राहगीरों की सुरक्षा बढ़ाती है। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में रेनो ने भारत में अपने प्रॉडक्ट्स की रेंज को अपग्रेड किया है और उनमें यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई फीचर्स जोड़े हैं। यह फीचर्स हादसों के जोखिम को कम करने और यात्रियों की पूर्ण रूप से सुरक्षित रखने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ह्यूमन फर्स्ट प्रोग्राम के तहत रेनो इंडिया अपने प्रॉडक्ट्स में कई नए और अपनी श्रेणी में बेस्ट सेफ्टी फीचर्स का दावा करती है। इसमें **इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी)** का फीचर है, जो घुमावदार और टेढ़ी-मेढ़ी सड़कों पर कार पर ड्राइवर का कंट्रोल बढ़ाता है। इससे शौकिया और अनुभवी ड्राइवरों की जरूरतें पूरी होती है। **हिल स्टार्ट असिस्ट (एचएसए)** ब्रेक लगाने के बाद गाड़ी को ऊंचाई पर ऊपर चढ़ाने के क्रम में गाड़ी को पीछे जाने से रोकता है। **ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस)** गाड़ी के पहियों में गड़बड़ी की पहचान करता है। इससे फिसलन भरी सतह पर गाड़ी हिचकोले नहीं खाती और गाड़ी की जमीन पर मजबूत पकड़ बनी रहती है। इससे हादसों से बचाव होता है। **टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस)** गाड़ी के पहियों में हवा कम होने या गाड़ी के पंक्चर हुए टायरों के बारे में उपभोक्ताओं को समय रहते सतर्क करता है।

रेनो के अधिकृत डीलर अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन के कारों की बुकिंग और रिटेल बिक्री 1 सितंबर से शुरू करेंगे। चूंकि यह मॉडल सीमित संस्करण में उपलब्ध होंगे, इसलिए इसमें दिलचस्पी रखने वाले उपभोक्ताओं को अपनी गाड़ी की बुकिंग जल्दी कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे स्टॉक खत्म होने से पहले वे इस आकर्षक और मन को मोहित करने वाली कार के मालिक बन सकें।

**रेनो के विषय में**

रेनो ऐतिहासिक रूप से मोबिलिटी ब्रैंड है और यूरोप में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के निर्माण में सबसे आगे है। कंपनी ने समय-समय पर हमेशा नई-नई गाड़ियां बनाई है। "रेनॉल्यूशन" की रणनीतिक योजना के तहत रेनो ज्यादा प्रतिस्पर्धी, संतुलित और इलेक्ट्रिक रेंज की गाड़ियों के निर्माण के लिए महत्वाकांक्षी और उपभोक्ताओं को उनके रुपये का अधिकतम मूल्य अदा करने वाले बदलाव के मिशन पर है। कंपनी की महत्वकांक्षा अपनी गाड़ियों में आधुनिक फीचर्स को शामिल करना है। इसके साथ ही कंपनी ऑटोमेटिव इंडस्ट्री समेत अन्य इंडस्ट्रीज में टेक्नोलॉजी, ऊर्जा और मोबिलिटी सेवाओं के क्षेत्र में नए-नए आविष्कार कर रही है।

रेनो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रेनो एसएएस फ्रांस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई है। रेनो इंडिया की कारों को चेन्नई के ओरागडम स्थित कारखाने में बनाया जाता है। इसकी क्षमता प्रति वर्ष  480,000 कारों के निर्माण की है। रेनो इंडिय़ा ने 500 सेल्स और 530 सर्विस टचपाइंट्स के साथ बड़े पैमाने पर देश में अपनी मैजूदगी दर्ज कराई है। इसमें देश भर में 250 से ज्यादा वर्कशॉप ऑन व्हील्स लोकेशन शामिल है। इन केंद्रों पर उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेल्स और सर्विस क्वॉलिटी मिलती है।